# मारीशस और इनवेस्ट यूपी में बनी कारोबारी रणनीति

जागरण संवाददाता, वाराणसी : भारत और मारीशस के बीच द्विपक्षीय समझौते तो हुए ही समानांतर इनवेस्ट यूपी ने भी मारीशस के उद्यमियों के साथ एक महत्वपूर्ण व्यापार व निवेश बैठक आयोजित की। साक्षी बना काशी का होटल रमाडा। इसमें मारीशस और यूपी के उद्यमियों व अधिकारियों का 45 सदस्यीय उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ।

नवीकरणीय ऊर्जा, अवस्थापना, बंदरगाह, सड़क, स्वास्थ्य सेवा, फार्मा, वित्तीय सेवाएं, बुनियादी ढांचा, पर्यटन व एआइ जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। उद्देश्य उत्तर प्रदेश और मारीशस के बीच आर्थिक संबंधों को दीर्घकालिक निवेश साझेदारियों को बढ़ावा देना था। आयोजन के संबंध में दैनिक जागरण से बातचीत करते हुए श्रीराज इन्फ्रा हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड व स्नाइडर लाइफ साइंसेस प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख राजेश पांडेय ने बताया कि मारीशस संग कारोबारी रणनीतियों पर मंथन कर कारोबार को दोनों देशों के बीच बढ़ाने पर विमर्श हुआ।

इनवेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने स्वागत करते हुए प्रदेश में निवेश के अवसरों पर प्रस्तुति दी। कहा कि यहां 56 प्रतिशत आबादी कार्यशील आयु वर्ग में है जो एक बड़ा जनसांख्यिकीय लाभ प्रदान करती है। मारीशस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे संजय भुंजन ने मारीशस को 'छोटा भारत' कहा। यूपी से साझा मूल्यों और भावनात्मक रिश्तों को रेखांकित करते हुए कहा कि अफ्रीका में विस्तार करने वाले

**45** से अधिक दोनों देशों के उद्यमियों और अधिकारियों ने की चर्चा

## आइआइए की पहल

आइआइए महासचिव दीपक बजाज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों के माध्यम से भारतीय उद्यमियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा रहा है। हम अभी से लेकर मार्च तक चार बड़े एक्सपोजर का आयोजन अलग-अलग शहरों में भारत में करने जा रहे हैं। मारीशस के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया। इसमें राष्ट्रीय सचिव अनुपम देवा, अभिषेक अग्रवाल, देवेश मेहरोत्रा आदि शामिल रहे।

भारतीय व्यवसायों के लिए एक द्वार और आधार बनेगा। केंद्रीय संयुक्त सचिव पीएस गंगाधर ने कहा कि उत्तर प्रदेश मारीशस मिलकर मजबूत गठबंधन बना सकते हैं। उत्तर प्रदेश के उद्योग संगठनों ने गहरी रुचि व्यक्त की और मारीशस के उद्यमियों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया। अंडर सेक्रेटरी आशिमा गर्ग ने धन्यवाद ज्ञापित किया। चर्चा में आइआइए, सीआइआइ, पीएचडीसीसीआइ, इंडियन अमेरिकन चैंबर आफ कामर्स, एसोचैम और लघु उद्योग भारती के कृष्ण परोलिया व राजेश कुमार सिंह, आशीष श्रीवास्तव, बी एन दुबे, अभिषेक अग्रवाल, उमंग शाह आदि ने भाग लिया।

शशांक चौधरी ने बताया प्रदेश में अद्वितीय कनेक्टिविटी में एक्सप्रेसवे, विस्तृत नेटवर्क, पांच अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, 16 घरेलू हवाईअड्डे हैं। प्रदेश 34 से अधिक क्षेत्र विशिष्ट नीतियां प्रदान करता है।